# तीन वर्ष वकालत का अनुभव रखने वाले ही न्यायाधीश पद का आवेदन दे सकेंगे

सर्वोच्च न्यायालय की पूर्ण पीठ का निर्णय




जी. के. छिब्बर

सर्वोच्च न्यायालय के तीन न्यायाधीशों की पीठ मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवाई न्यायमूर्ति ए.जी. मसीह एवं न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन ने आल इंडिया जजेस एसोसिएशन की याचिका में निर्णित किया है कि व्यवहार न्यायाधीश की नियुक्ति की पात्रता के लिए न्यूनतम तीन वर्ष वकालत की प्रेक्टिस होना अनिवार्य कर दिया है।

इस निर्णय से 23 वर्ष से चली आ रही प्रथा का अंत हो गया है जिसमे विधि की उपाधि प्राप्त करता ही सीधे न्यायाधीश पद पर आवेदन कर सकता था सर्वोच्च न्यायालय ने यह माना है कि न्यायाधीश पद पर वकालत के अनुभव रखने वाले को ही नियोजित किया जाना चाहिए ताकि न्यायिक कार्य सरलता से हो सके विधि की उपाधि प्राप्त करते ही न्यायाधीश बन जाने से परेशानियां हो रही है एकदम न्यायिक कार्य संतोषजनक नहीं हो रहा है यह समस्या अनुभव की गई है इसलिए तीन वर्ष के न्यूनतम प्रैक्टिस के अनुभव एवं प्रशिक्षण से बने न्यायाधीश सुगमता से न्यायिक कार्य कर सकते है।

सुप्रीम कोर्ट ने निर्णय में कहा कि विधि उपाधि प्राप्त बिना अनुभव के जो न्यायाधीश बनते है कार्यभार ग्रहण करती ही न्यायिक कार्य करने में पूर्णता सक्षम नहीं होते उन्हें अपना परिवार प्रतिष्ठा जीवन स्वतंत्रता और संपत्ति से जुड़े मामले से भी निपटना पड़ता है उस समय केवल किताबी ज्ञान होता है न्यायिक प्रक्रिया जटिल होने से दैनिक न्यायिक कार्य सम्पादन में कठिनाई होती है यदि वह अधिवक्ता रहा होता तो उसे कार्यप्रणाली का ज्ञान होता तो न्यायिक कार्य करने में सुगमता अनुभव करता न्यायिक परिपक्वता और जटिलता अनुभव से आती है इसलिए तीन वर्ष की वकालत का अनुभव होना आवश्यक हैं।

सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्णय से न्यायाधीश बनने की इच्छा रखने वालो को कम से कम 10 वर्ष के वकालत का अनुभव रखने वालो अथवा वरिष्ठ अधिवक्ता के साथ गंभीरता से प्रेक्टिस करना होगी और न्यायिक प्रक्रिया निर्णय लेखन का ज्ञान रखना होगा। केवल किताबी ज्ञान से काम नहीं चलेगा।


अब कोचीन संस्थानों पर भी इस निर्णय प्रभाव पड़ेगा जो रटा रटा कर न्यायिक परीक्षा पास करने का गुर सीखते है यह भी उल्लेखनीय है कि देश के नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी स्थापित करने का उद्देश अच्छे वकील और न्यायधीश बनाना था, परन्तु इन प्रतिष्ठित लॉ यूनिवर्सिटी से लाखों रुपए खर्च कर विद्यार्थी लाखों के पैकेज पर कॉरपोरेट में नौकरी करते है उन्हें न्यायाधीश बनने और अधिवक्ता बनने में भी रूचि कम होती है इसलिए भी प्रतिभाशाली छात्र न्यायिक प्रक्रिया में नहीं आते है और इस निर्णय के बाद फिर तीन वर्ष की प्रेक्टिस के बाद न्यायाधीश बनने की सोच रखने वाले कम ही होंगे जो विचारणीय प्रश्न है।

## पूरे कंपनी कार्यक्षेत्र में अब तक दो लाख से अधिक स्मार्ट मीटर स्थापित

**भोपाल।** केन्द्र सरकार की रिवेम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) योजना के अंतर्गत मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाने का काम त्वरित गति से शुरू कर दिया गया है। जहां जहां स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, वहां पर समय पर बिलिंग तथा रीडिंग हो रही है। भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों में अब तक 02 लाख, 08 हजार 318 स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं। इनमें सर्वाधिक भोपाल शहर वृत्त में 01 लाख, 32 हजार 818 स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं।

# टीम 'गिन्नी वेड्स सनी 2' ने ऋषिकेश की गंगा आरती में लिया आशीर्वाद

**'गिन्नी वेड्स सनी 2' की कास्ट - अविनाश तिवारी और मेधा शंकर, जो इन दिनों उत्तराखंड में फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं, ने एक आध्यात्मिक विराम लेते हुए ऋषिकेश के परमार्थ निकेतन में गंगा आरती में भाग लिया।**



निर्माता विनोद बच्चन के साथ, मुख्य कलाकारों ने ऋषिकेश का दौरा किया, पावन आरती में भाग लिया और पूज्य स्वामी चिदानंद सरस्वती जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने देवभूमि से कुछ खूबसूरत पल इंस्टाग्राम पर साझा किए, और पोस्ट को कैप्शन दिया- यहां होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, शुद्ध आनंद में डूबे।

**इस सीक्वल में एक नई जोड़ी नजर आएगी** - अविनाश और मेधा मुख्य भूमिकाओं में दिखाई देंगे। फिल्म की पहली शूटिंग शेड्यूल उत्तराखंड में शुरू हो चुकी है, जो 'गिन्नी वेड्स सनी' यूनिवर्स के एक नए अध्याय की शुरुआत है। इस सीक्वल को प्रशांत झा ने लिखा और निर्देशित किया है, और इसे विनोद बच्चन द्वारा साउंडर्या प्रोडक्शन के बैनर तले निर्मित किया जा रहा है।

# महादान 10.0 ने बनाया अंतरराष्ट्रीय बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में स्थान

**भोपाल।** विश्व रोट्रैक्ट वीक के अवसर पर रोट्रैक्ट जिला संगठन 3040 द्वारा आयोजित महादान 10.0 के अंतर्गत दक्षिण एशिया के विभिन्न स्थानों पर एक सप्ताह में कुल 78,567 रक्त यूनिट एकत्र कर एक सप्ताह में सबसे अधिक रक्त एकत्रण (कई स्थानों से) के लिए अंतर्राष्ट्रीय विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया गया है।



महादान एक जनसेवा का आंदोलन है, जिसका यह दसवां संस्करण था। इस अभियान का सफल नेतृत्व जिला रोट्रैक्ट प्रतिनिधि आरटीआर. निकुंज गोयदानी, महादान चेयर आरटी आर अमन खान, जिला रोट्रैक्ट सचिव तंजीला शेख वा महादान सचिव आरटीआर. सौरभ नायक ने किया। इन सभी के मार्गदर्शन में हजारों रोट्रैक्टर्स ने पूरे समर्पण और उत्साह के साथ भाग लिया, जिससे यह अभियान सेवा, नेतृत्व और मानवता का प्रतीक बन सका। यह उपलब्धि सिर्फ एक रिकॉर्ड नहीं, बल्कि युवाओं की एकजुटता, जागरुकता और समाज के प्रति कर्तव्य का प्रमाण है। महादान 10.0 ने एक बार फिर साबित कर दिया कि जब सेवा की भावना सच्ची हो, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं।

## ऑपरेशन सिंदूर की विजय को समर्पित नुक्कड़ नाटक का प्रभावशाली मंचन

**भोपाल।** भारतीय सेना की अद्वितीय वीरता और ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता को समर्पित एक विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुति का आयोजन आज पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल में किया गया। इस अवसर पर रेलवे सांस्कृतिक अकादमी के कलाकारों द्वारा भोपाल रेलवे स्टेशन एवं मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर में देशभक्ति से ओतप्रोत नुक्कड़ नाटक का सजीव मंचन किया गया।

प्रात:काल यह प्रस्तुति भोपाल रेलवे स्टेशन की नई इमारत के प्रांगण में दी गई, जिसमें ऑपरेशन सिंदूर के योजनागत ढांचे, उससे जुड़ी चुनौतियों, और भारतीय सेना की साहसिक विजय को प्रभावशाली तरीके से दर्शाया गया। इस आयोजन के दौरान स्टेशन प्रबंधक, एसएसई कैरिज एंड वैगन सहित अन्य डिपो प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे और कलाकारों के प्रयासों की सराहना की।

सांस्कृतिक श्रृंखला के अगले क्रम में संध्या काल में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, भोपाल परिसर में नुक्कड़ नाटक की एक और प्रस्तुति दी गई।

# प्लांट हर्बेरियम तकनीक पर कार्यशाला का आयोजन

**भोपाल। रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के जीव विज्ञान विभाग द्वारा प्लांट हर्बेरियम तकनीक विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्रों को पौधों के संरक्षण, संग्रहण, प्रेसिंग एवं हर्बेरियम निर्माण की वैज्ञानिक तकनीकों से परिचित कराना था।**



इस कार्यशाला की मुख्य वक्ता एवं विशेषज्ञ डॉ. पूजा सिंह, प्रोफेसर (वनस्पति विज्ञान), शासकीय पी.जी. कॉलेज, बेगमगंज (रायसेन) ने कार्यशाला के प्रथम व उद्घाटन सत्र में हर्बेरियम तकनीक विषय पर सैद्धांतिक व्याख्यान प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने हर्बेरियम की परिभाषा, निर्माण विधि, उपयोगिता और संरचना की प्रक्रिया को विस्तारपूर्वक समझाया गया। छात्रों को पौधों के संग्रहण, प्रेसिंग, सुखाने, माउंटिंग और लेबलिंग की जैसे महत्वपूर्ण चरणों से परिचित कराया गया। हर्बेरियम का बहुविध शैक्षणिक, औद्योगिक, चिकित्सा, कृषि, पर्यावरणीय और अनुसंधान में उपयोग कैसे होता है, यह भी बताया।

## मॉनसून में उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति के सभी प्रबंध करें

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र के 16 जिलों में विद्युत आपूर्ति और ऑपरेशन एंड मेन्टीनेन्स से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे नियंत्रणकर्ता अधिकारी से अनुमति लेकर ही कार्यस्थल / मुख्यालय छोड़ें। इस आशय के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। प्री-मॉनसून बारिश की बौछारें शुरू हो गईं हैं और अनेक बार आँधी और चक्रवाती तूफान और प्राकृतिक आपदा को देखते हुए कंपनी के मैदानी अफसरों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

**प्राचार्य एवं सचिव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बरेली, रायसेन (म.प्र.)**

Accredited by NAAC with "C" Grade

Email: hegcbarrai@mp.gov.in. Phone & Fax: 07486-230215

क्रमांक/522/ज.भ./2025 बरेली दिनांक 20.05.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

जनभागीदारी समिति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बरेली द्वारा निम्नांकित कार्यों के लिए शील बंद लिफाफे में लो.नि.विभाग के पंजीकृत कान्टेक्टरों से निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. | कार्य का प्रकार एवं विवरण | आमंत्रण | ठेके की अनुमानित प्राक्कलन राशि | धरोहर राशि 2 प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पंडित दीनदयाल सभागार हॉल में टाइल्स वर्क एवं मिट्टी वर्क | प्रथम | 1.98 लाख | रू. 3960/- |
| 2. | सरस्वति उद्यान में अर्थ वर्क मिट्टी का पुराव एवं संतलीकरण कार्य | प्रथम | 1.12 लाख | रू. 2240/- |

**निविदा की शर्तें:-**

1. उपरोक्त निविदायें निविदा प्रकाशन तिथि से पन्द्रह दिवस की समय-सीमा तक कार्यालयीन समय में शील बंद लिफाफे में अधोहस्ताक्षर के कार्यालय में जमा की जा सकेगी।
2. सभी प्राप्त निविदायें ठेकेदारों की उपस्थिति में अंतिम तिथि समाप्ति पश्चात् अगले प्रथम कार्य दिवस को दोपहर 12.30 बजे खोली जावेगी यदि निविदा प्रस्तुत कर्ता ठेकेदार अनुपस्थित रहते हैं तो भी समिति द्वारा प्राप्त निविदायें खोले जाने की कार्यवाही पूर्ण की जा सकेगी।
3. निविदा के साथ पंजीयन प्रमाण पत्र तथा धरोहर राशि का बैंक ड्राफ्ट जो सचिव जनभागीदारी समिति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बरेली के नाम देय हो जमा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा निविदा इनके अभाव में निरस्त मानी जावेगी।
4. किसी भी विवाद की स्थिति में अंतिम निर्णय समिति का मान्य तथा बंधनकारी रहेगा।

**(डॉ. नीरज दुबे)**
**प्राचार्य एवं सचिव शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय बरेली जिला रायसेन**

## सूडोकु नवताल- 7428

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | | 7 |
| | | | | | 8 | | | 1 |
| | | 7 | 4 | 6 | | 8 | | 9 |
| 3 | 2 | | | | 7 | | | 8 |
| 1 | | 9 | | 4 | | 7 | | 5 |
| 4 | | | 2 | | | | 9 | 3 |
| 6 | | 3 | | 5 | 1 | 9 | | |
| 8 | | | 3 | | | | | |
| 7 | | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | | 4 |


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7427 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |


Jagrutidaur.com, Bangalore

## काकुरो पहेली - 7107



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः




6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

काकुरो - 7106 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8495




**बाएँ से दाएँ**

1. खटपट,ठनाठनी-4
4. पंजाब की एक नदी-4
6. चित्रकमेल,लम्बी गर्दनवाला पशु-3
8. दंड,दम,शासन-3
9. धरा,भूमि-3
11. शासन व्यवस्था,रहस्य-2
13. नवचंद्राकार-5
15. अकेला-2
16. दया,करुणा-3
18. बंदर का खेल दिखाने वाला-3
19. देवर्षि,देवमुनि-3
20. सब्जी,भाजी-4
22. कुंए पर पानी भरने का चबूतरा-4

**ऊपर से नीचे**


1. गुनाह,दोष,जुर्म-3
2. अपराधमुक्त,निवृत्त-2
3. सौत,दूसरी स्त्री-3
4. होशियार,गुणवान-5
5. भूकम्प-4
7. भेद,तुलना-3
10. परिचर्या-5
12. स्वभाव-4
14. स्थित होना-3
17. श्मशान-4
18. गृह,भवन-3
21. जीवन,जीव, स्फूर्ति-2

शब्द पहेली -8494 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 6925



**ऊपर से नीचे:-**

१. अमिताभ, शाहरूख, सुनील, रानी, जूही की फिल्म-३
२. 'दुनिया में ऐसा कहाँ सबका नसीब' गीत वाली फिल्म-३
३. नसीरुद्दीनशाह, पूजा भट्ट की फिल्म-२
४. 'आते जाते हुए मैं सब पे नजर' गीत वाली फिल्म-२
५. इंद्रकुमार, आयशा जुल्का की फिल्म-३
७. आर्यन वैद, सोनाली कुलकर्णी की मकरंद देशपांडे निर्देशित फिल्म-३
८. सुनीलदत्त, आशा पारेख की फिल्म-२
१०. 'जादू तेरी नजर' गीत वाली फिल्म-२
११. अतीन भल्ला, संदली सिन्हा की फिल्म-२
१२. 'लम्हा लम्हा जिंदगी है' गीत वाली फिल्म-४
१३. मोहित अहलावत, निशा की फिल्म-२
१४. 'ये वादा करो चाँद' गीत वाली फिल्म-४
१५. मनोज बाजपेयी, रेखा, करिश्मा की फिल्म-३
१६. 'हम दर्द के मारों का इतना ही' गीत वाली फिल्म-२
२०. धर्मेन्द्र, संजीवकुमार, आशा की फिल्म-३
२१. 'जागे जागे नैनों में' गीत वाली फिल्म-३
२२. आफताब शिवदासानी, अमीषा पटेल, एशा देओल की फिल्म-४
२३. 'जब जब प्यार पे पहरा हुआ' गीत वाली फिल्म-३
२४. जीतेंद्र, श्रीदेवी की फिल्म-३
२५. 'इंतहा हो गई इंतजार की' गीत वाली अमिताभ, जया प्रदा की फिल्म-३

**बायें से दायें:-**

१. शाहरूख, अपूर्व अग्निहोत्री, महिमा की 'किसी रोज तुम से' गीत वाली फिल्म-४
४. 'हम बेवफा हरगिज न थे' गीत वाली धर्मेन्द्र, जीनत अमान की फिल्म-४
६. विनोद मेहरा, रीना राय की 'दिल का तोहफा लाई हूँ' गीत वाली फिल्म-४
९. 'मुझे दुनियावालों शरबो' गीत वाली दिलीपकुमार, वैजयंती की फिल्म-३
११. अजय, सैफ, विवेक, करीना, बिपाशा की 'बीड़ी जलई' गीतवाली फिल्म-४
१३. 'आ ये हसीना रात' गीत वाली जीतेंद्र, आदित्य, एकता की फिल्म-४
१६. अक्षयकुमार, रवीना की 'क्यूं आँचल हमारा गिरा जा' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'आँखों से दिल में' गीत वाली फराज खान, सुमन रंगनाथन की फिल्म-३
१८. दिलीपकुमार, सायरा की 'सारे शहर में आपसा कोई' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'रात दुल्हन बनी चाँद दूल्हा बना' गीत वाली जीतेंद्र, विश्वजीत, माला सिन्हा, मुमताज की फिल्म-३
२३. धर्मेन्द्र, संजीव, शर्मिला की 'जिंदगी है क्या बोलो' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'दिल गम से' गीत वाली विजय, सुरैया की फिल्म जो सुरैया की अंतिम फिल्म थी-२
२६. संजयदत्त, उर्मिला की 'ओ भंवरे देखो हम दीवानों को' गीत वाली फिल्म-२
२७. आमिर, ममता कुलकर्णी की 'बाजी' में मुख्यमंत्री विश्वासराव चौधरी की भूमिका किसने की थी-२,३
२८. सनी, सुनील शेट्टी, शिल्पा की 'कोई परी आती नहीं' गीत वाली फिल्म-२
२९. फिल्म 'सात रंग के सपने' में अरविंद स्वामी के साथ नायिका कौन थी-२

फिल्म वर्ग पहेली- 6924



Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 7034

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 7 | 5 | | | 2 |
| 5 | 38 | | 32 | 1 | 27 | |
| | 4 | | 2 | 3 | 6 | |
| 3 | 32 | | 32 | | 33 | |
| 6 | | 4 | 7 | | 5 | |
| | 24 | | 36 | 4 | 30 | 5 |
| 1 | | | 7 | | 2 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे कलर वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 7033 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 2 |
| 6 | 34 | 6 | 33 | 1 | 33 | 7 |
| 5 | 1 | 3 | 6 | 7 | 2 | 4 |
| 1 | 22 | 2 | 35 | 4 | 34 | 5 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 2 | 7 | 3 |
| 3 | 30 | 4 | 37 | 5 | 33 | 6 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 3 | 6 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 8034

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | व | र | सु | ए | ड् | स | प | ला | नी | इ |
| न | है | क | ज | इं | डे | ने | ह | चे | म | श्त |
| अ | जा | आ | द | य | फ | इ | ड | च | प | नि |
| हु | रा | ल | मा | ज | ल | स | रा | क | इ | मो |
| ब | रा | पो | लि | यो | वी | क | र | क | ते | नि |
| द | जे | कि | र | क | पा | का | म | ले | रि | या |
| शी | मा | दे | अ | व | था | य | त | म | क | ती |
| को | दे | श | स्थ | न | प | य | रि | घु | व | ला |
| ढ़ | दि | ल | मा | ले | दा | र | जा | या | वी | दे |
| क्षि | ज | ति | ला | हि | द | ह | मा | द | ल | र |
| त | र | सु | ष | मा | स्व | रा | ज | त | र | म |

शब्दजाल में '10 बीमारियों के नाम' ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एंव तिरछे हो सकते हैं

हैजा, टायफाइड, पोलियो, चेचक, एड्स, मलेरिया, अस्थमा, पायरिया, कोढ़, निमोनिया

शब्दजाल - 8033 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore